श्री राम मूर्ति स्मारक
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज
13.2 किमी, बरेली–नैनीताल रोड, भोजीपुरा, बरेली।

PEDIATRIC UPDATE – 2017

प्रेस विज्ञप्ति

दिनाँक : 04.03.2017

सेवा में,

सम्पादक महोदय

महोदय,

आज दिनांक 04 मार्च 2017 को श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, बरेली में एक दिवसीय **''सी0एम0ई0 PEDIATRIC UPDATE-2017 (Dedicated to your success)** का सफल आयोजन **संस्थान के बाल रोग विभाग** एवं **इण्डियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आई0ए0पी0)** बरेली द्वारा किया गया। इस सी0एम0ई0 का मुख्य उद्देश्य भावी बाल रोग चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम इलाज के तरीकों, जांच से अवगत कराना था।

सी0एम0ई0 का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य प्रो0 डा0 आर0सी0 पुरोहित एवं **राष्ट्रीय अध्यक्ष–आई0ए0पी0 डा0 अनुपम सचदेवा, सर गंगाराम नई दिल्ली** एवं प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डा0 अतुल अग्रवाल एवं संस्थान के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 पी0एल0 प्रसाद एवं कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा0 सुरभि चन्द्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य द्वारा अपने सम्बोधन में समस्त बाल रोग विषेशज्ञों को बच्चों की गहन बीमारियों एवं उसके रोकथाम के लिए डाक्टरों को अपने कार्यक्षेत्र में नवीनतम तकनीकी ज्ञान अर्जित करने पर जोर दिया।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अनुपम सचदेवा ने डाक्टरों द्वारा बच्चों के इलाज एवं आने वाली पीढ़ी पर मरीजों से ज्यादा सक्षम इलाज पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि डाक्टर अपनी मेहनत एवं लगन से अपनी प्रतिष्ठा कायम रख सकता है। साथ ही उन्होंने भावी चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहो नवीन तकनीकों की जानकारी ग्रहण कर मरीजों को इसका लाभ पहुँचाने पर जोर दिया।

संस्थान के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 पी0एल0 प्रसाद द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में भावी चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीन अपडेट के बारे में विभिन्न मुख्य बारीकियों से अवगत कराया।

सी0एम0ई0 में देश के विभिन्न स्थानों से आये बाल रोग विशेषज्ञ जिसमें डा0 धीरेन्द्र गुप्ता, (सर गंगाराम, नई दिल्ली) ने अपने व्याख्यान में बच्चों के चैस्ट एक्सरे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रो0 डा0 एन0बी0 माथुर नई दिल्ली न बाल रोग पी0जी0 छात्रों से परीक्षा में होने वाली सामान्य गलतियों एवं उनके सुधार के विषय में जानकारी दी। डा0 पियाली भट्टाचार्य, लखनऊ द्वारा चिकित्सकों को इलाज करते समय मेडिको लीगल जानकारी का होना, के बारे में अवगत कराया।

इस सी0एम0ई0 में देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए लगभग 150 बाल रोग चिकित्सों एवं विशेषज्ञ ने भाग लिया। अन्त में सी0एम0ई0 का समापन कार्यक्रम की आयोजक सचिव डा0 सुरभि चन्द्रा द्वारा अपने आभार भाषण द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने संस्थान के चेयरमैन श्री देव मूर्ति जी एवं देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए चिकित्सकों, संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, विभिन्न प्रेस एवं मीडिया से आये हुए पत्रकार एवं फोटोग्राफर बन्धुओं एवं संस्थान के समस्त कर्मचारियों को इस सी0एम0ई0 के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा भविष्य में भी इस प्रकार अपना सहयोग बनाये रखने की अपेक्षा की।

(मीडिया प्रभारी)

सी0एम0ई0 से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डा0 सुरभि चन्द्रा, आयोजन सचिव
मोबाईल – 9458702670